कोयला क्षेत्र को विदेशी सहायता

1648. **श्री राम सिंह राठवा :**
क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान कोयला क्षेत्र को कुल कितनी विदेशी सहायता प्राप्त हुई है ;

(ख) इस विदेशी सहायता का योजनावार आवंटन क्या है ; और

(ग) विदेशी सहायता का पूरा-पूरा उपयोग सुनिश्चित करने और उसमें फिजूलखर्ची और लापरवाही न होने देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस०बी० नयनेगौड़ा) : (क) कोयला क्षेत्र द्वारा वर्ष 1988-89, 1989-90 तथा 1990-91 के दौरान प्राप्त की गई विदेशी सहायता की राशि नीचे दी गई है :—

सहायतादाता देश/संगठन	सहायतादाता देश की मुद्रा में राशि	निम्नलिखित वर्षों के दौरान प्राप्त सहायता की राशि मिलियन सहायतादाता देश की मुद्रा में		
		88-89	89-90	90-91
1	2	3	4	5
सोवियत संघ . .	रूबल	31.120	28.785	8.958
फ्रांस . . .	फ्रेंच फ्रेंक	58.387	38.149	49.642
कनाडा . . .	कनाडायाई डालर	—	41.664	71.425
आस्ट्रेलिया	आस्ट्रेलियाई डालर	—	9.100	21.413
जर्मनी . . .	उच मार्क	0.274	0.352	—
यूनाइटेड किंगडम	पौंड स्ट्रर्लिंग	2,381	1.734	8.824
विश्व बैंक (आई.बी.आर.डी.) .	अमरीकी डालर	24.930	48.700	29.020

(ख) वर्ष 1991–92 के दौरान कोयला क्षेत्र के लिए विदेशी सहायता के निर्धारित उपयोगिता लक्ष्य को नीचे दिया गया है :–

सहायतादाता देश/संगठन	सहायतादाता देश की मुद्रा में राशि	वर्ष 1991–92 के लिए, 1991–92 की कार्रवाई योजना के सहायता उपयोगिता लक्ष्य के अनुसार (मिलियन सहायतादाता देश की मुद्रा में)
सोवियत संघ . .	रूबल	8.905
फ्रांस . . .	फ्रेंच फ्रेंक	28.131
कनाडा . . .	कनाडायाई डालर	25.707
आस्ट्रेलिया . .	आस्ट्रेलियाई डालर	31.071
जर्सनी . . .	डच मार्क	22.426
यूनाइटेड किंगडम .	पौंड स्टर्लिंग	2.136
विश्व बैंक (आई.बी. आर. डी.) . .	अमरीकी डालर	49.660

(ग) विदेशी मुद्रा की उपयोगिता पर सम्बद्ध कोयला कंपनियों, सरकार, सहायतादाता देश।/संगठन द्वारा गहन रूप में निगरानी रखी जा रही है ताकि इस बात का सुनिश्चिय हो सके कि इसका ठीक प्रयोग किया जा रहा है और इस मामले में कोई लापरवाही नहीं बरती जा रही है तथा अधिक राशि का खर्च नहीं किया जा रहा है ।

कोयला नियंत्रक को मिली शिकायतें

1649. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान कोयला खान नियंत्रण आदेश, 1945 के अधीन कोयला नियंत्रक को कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) उनका श्रेणीवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) कितने कर्मचारियों/अधिकारियों को दोषी पाया गया है और उनको क्या सजा मिली तथा इसमें अन्तर्ग्रस्त व्यक्तियों में से कितने प्रथम श्रेणी अधिकारी हैं ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस० बी० नयसेगौड़ा) : (क) और (ख) कोयला नियंत्रक कलकत्ता द्वारा कोलियरी नियंत्रण आदेश, 1945 के अंतर्गत वर्ष 1989–90, 1990–91 और 1991–92 के दौरान गुणवत्ता-संबंधी शिकायतें क्रमश: 4,91 तथा 110 प्राप्त हुई हैं । इस संबंध में ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

1989–90 :

इस संबंध में कुल चार शिकायतें निम्नलिखित से प्राप्त हुई हैं :—

(1) उमेम कैलकीनेटस लि० (2) स्माल स्केल वीहाइव हार्ड कोक मैन्युफेक्चरस और (3) एसोसिएटिड सीमेंट कंपनी ।